हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

06 देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए जिले के...



07 हर व्यक्ति के लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी: डॉ. सूद





## खबर संक्षेप में

### खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में खाद बीज के सुचारू वितरण सुनिश्चित करने और कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से सभी विकासखंडों में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद-बीज विक्रय केंद्रों एवं गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनेक खाद-बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अधिकारियों ने उपलब्ध स्टॉक, वितरण पंजी, बिक्री मूल्य एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने विक्रेताओं को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर एवं निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए।

### 11 खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्लू बर्ड स्कूल के 11 छात्रों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व में चेस, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, कला एवं बालरंग में लोकगीत प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल के विद्यार्थियों ने संभाग एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्कूल का परचम लहराया है। अब क्रिकेट में भी विद्यार्थियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस बार विशेष बात यह रही कि क्रिकेट में न केवल बालकों ने बल्कि बालिकाओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### पति की लंबी उम्र के साथ परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कामना की

# करवा चौथ पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर सुहागिनों ने खोला निर्जला व्रत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

करवा चौथ का पर्व नगर सहित अंचल में उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में प्रेम और सामंजस्य के लिए निर्जला व्रत रखकर देर शाम मेहंदी लगे हाथों के साथ सोलह श्रृंगार कर सज सवरकर एक जगह एकत्रित हुई तथा भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर करवा चौथ व्रत की कथा सामूहिक रूप से सुनी गई। रात्रि में चंद्रमा को अर्ध्य देखकर अपने पतियों के हाथों से व्रत खोला।

नगर सहित क्षेत्र में करवाचौथ का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया, महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा कर दिनभर निर्जला व्रत रखकर रात में चंद्रदर्शन के साथ पति के दर्शन कर अपने सुहाग की लंबी उम्र और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की गई तथा उनके हाथ से जल ग्रहण कर व्रत



खोला गया। भारतीय संस्कृति में करवा चौथ के व्रत का अलग ही महत्व है इस दिन सुहागिनें पति की लंबी आयु की कामना के साथ सुबह से ही निर्जला व्रत रखती है, तथा शाम को सज सवरकर पूजा की थाल सजाने में जुट गई। मकानों की छत पर पहुंचकर उनकी निगाहें बादलों के पीछे छिपे चांद को ढूंढती रही, जैसे ही चांद दिखा तो उन्होंने आराध्य देव भगवान गणेश और चौथ माता का पूजन किया। इसके बाद छलनी में चांद और पति का चेहरा देखकर उनके दीर्घायु की कामना की। शुक्रवार को नगर के लगभग सभी हिंदू घरों में सुहागिन महिलाएं करवा चौथ व्रत को लेकर सोलह श्रृंगार से सजी दिखाई दी वहीं नए-नए परिधान धारण कर हाथों में सुंदर व आकर्षक मेहंदी भी लगाई। नगर में कई ऐसी नवविवाहिता ने भी पहली बार करवाचौथ का व्रत रखा था ऐसे में पति और पत्नी दोनों ने करवा चौथ का व्रत रखकर एक दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया। पूजन कर महिलाओं ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी का महिलाएं बड़े ही उमंग व उल्लास के साथ इंतजार करती है। इस दिन सुहागिन सूर्योदय के पूर्व व्रत का शुभारंभ भी करती है। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर अपने पति के हाथों से निर्जला व्रत को खोलती है।

#### बाजारों में रही चहल-पहल

करवा चौथ के पर्व को लेकर शुक्रवार को नगर के लगभग सभी बाजारों में खासी चहल-पहल रही। महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत खोलने के लिए करवा तथा अन्य सामग्री की खरीदी की गई वहीं साज-श्रृंगार की सामग्री के साथ नई साड़ी एवं जेवरात की खरीदी भी की गई। जिसके चलते नगर के लगभग सभी प्रमुख बाजारों में काफी चहल-पहल दिखाई दे रही थी।

# मंदिर में अंदर लगे बेरिकेट्स हटाए, डोम परिसर के हटाना शेष





नवरात्रि के सप्ताह बाद भी बगलामुखी मंदिर पर ही बेरिकेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान दर्शनार्थियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बाहर व अंदर बेरिकेटिंग की गई थी। ये बेरिकेट नवरात्रि समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी या तो ऐसे ही लगे हुवे है या इधर उधर बिखरे पड़े है। जिससे मंदिर परिसर बेरिकेट परिसर नजर आ रहा है।

इस शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर के अंदर सर्वाधिक बेरिकेटिंग की गई थी वही मंदिर के बाहर बने डोम के सम्पूर्ण परिसर में भी बेरिकेटिंग की गई थी। शारदीय नवरात्रि 01 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी उसके एक सप्ताह बाद भी डोम परिसर में तो अभी भी वैसी की वैसी बेरिकेटिंग लगी हुई है मात्र बाहर निकलने के रस्ते मे लगाए गए बेरिकेट हटाकर वही अलग रख दिये गए है। इसी प्रकार मंदिर परिसर में की गई बेरिकेटिंग में से कुछ बेरिकेट हटाये गए है शेष जैसे के तैसे लगे हुवे है। जो हटाये गए है वे रखे मंदिर परिसर में ही है। अब जबकि दर्शनार्थियों की संख्या भी सामान्य हो गई है तब भी बेरिकेट्स नही हटाना समझ से परे है।

कुछ वर्षो पूर्व मंदिर के अंदर शासन द्वारा एक विशाल व आकर्षक डोम लगाया गया था जिसका उद्देश्य था कि कुछ समय दर्शनार्थी बैठ सके। साथ ही इससे मंदिर की आकर्षकता कई गुणा बढ़ गई थी। मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थी यहां फ़ोटो सेशन कर अपनी स्मृति में रख रहे थे। लेकिन सम्पूर्ण डोम परिसर में बेरिकेटिंग लगी होने से यह आकर्षण के स्थान पर बदसूरत दिखाई देने लगा है। अब दर्शनार्थी यहां फ़ोटो सेशन भी नही कर पा रहे है।

इसके साथ ही मंदिर के अंदर मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे को बेरिकेटिंग कर छोटा किया हुआ है। यहां बेरिकेटिंग और चारो ओर दान पेटी रखी होने से सुबह शाम दीपक लगाने वाले भक्तों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रवेश द्वार से अंदर जाने वाले मार्ग पर भी अनावश्यक रूप से बेरिकेटिंग लगा रखी है। पूर्व में नवरात्रि समाप्त होते ही प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर से पूरी तरह बेरिकेटिंग हटा ली जाती थी और सम्पूर्ण परिसर खुला कर दिया जाता था लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा नवरात्रि के समाप्त होने के एक सप्ताह बाद भी बेरिकेट्स नही हटाना भक्तों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। प्रशासन को तत्काल मंदिर के अंदर व बाहर डोम परिसर को बेरिकेट्स मुक्त कर खुला परिसर बनाना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

हरिभूमि द्वारा गुरुवार को नवरात्रि के समापन बाद भी बगलामुखी मंदिर पर ही बैरिकेट्स नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशन के बाद गुरुवार को मंदिर के अंदर लगे बेरिकेट्स हटा दिए गए, मंदिर के बाहर डोम परिसर में लगे बेरिकेट्स हटाना शेष है। गुरुवार को हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशन के बाद मंदिर प्रशासन हरकत में आया और मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे व मंदिर में प्रवेश द्वार से लगाये बेरिकेट्स हटा लिए गए। इनके हटनेके बाद अब भक्तों को माता रानी के दर्शन के लिए खुला परिसर मिल रहा है, साथ ही मुख्य हवन कुंड वाले चबूतरे पर भक्तों को दीपक लगाने में भी परेशानी नहीं आ रही है।

शुक्रवार दोपहर तक डोम परिसर में लगे बेरिकेट्स नहीं हटाये गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर के बाहर डोम परिसर में लगे बेरिकेट्स हटाने के लिए भी लोक निर्माण विभाग को बोल दिया गया है जोकि एक दो दिन में हटा लिए जावेंगे। डोम परिसर से बेरिकेट्स हट जाने के बाद डोम व मंदिर अपनी पुरानी आकर्षकता को प्राप्त कर लेंगे व देश भर से आने वाले भक्त भी यहां कुछ देर बैठ सकने के साथ ही फ़ोटो सेशन भी कर सकेंगे।

# नगर में निकाला पथ संचलन, कई स्थानों पर हुआ स्वागत



**बुधनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर के दशहरा मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पथ संचलन निकाला गया, जिसका नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दशहरा मैदान से हुई जहां मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी केशवदास जी, विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र जी (राजगढ़) एवं संघ के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक धर्मेन्द्र जी ने मंच से संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि श्राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहा है और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका सराहनीय रही है। इसके पश्चात दशहरा मैदान से पथ संचलन की शुरुआत हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः दशहरा मैदान पर आकर समाप्त हुआ



इस दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित कतारें, हाथों में दंड और कदमताल करती हुई टोलियाँ नगर के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। नगरवासियों ने पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। लोगों ने इसे राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे नगर के मुख्य चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। पथ संचलन के उपरांत कार्यक्रम का समापन पुनः दशहरा मैदान पर किया गया, जहां उपस्थित स्वयंसेवकों और नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### विशेष अभियान के तहत प्रकरणों का किया निराकरण

**नलखेड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 90 दिवस के विशेष अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन के अंतर्गत न्यायालय नलखेड़ा के 6 प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से किया गया, उक्त अभियान के अंतर्गत जिला आगर के 118 तथा प्रदेश के 4552 प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किया गया।

### सोयाबीन व मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन स्थानीय तहसीलदार को सौंपा गया। शुक्रवार को भारतीय किसान संघ द्वारा स्थानीय तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि खरीफ फसलों सोयाबीन, मक्का आदि में पीला मोजक व जलभराव से भारी नुकसान हुआ है जिसका तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए। सोयाबीन व मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। भावान्तर योजना का पिछला अनुभव ठीक नहीं है इससे किसानों को नुकसान है। मॉडल रेट पर किसानों को ठगा जा सकता है। जिन कृषि फसलों की एमपीएस तय नहीं है जैसे आलू, प्याज, लहसुन आदि सुखी फसलें, सब्जी व दूध आदि में भावान्तर देकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित फसलों का किसानों को बीमा दिलवाया जाए। सेटेलाइट पद्धति अपडेट नही है इसे बंद किया जाए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान जिला कार्यालय मंत्री जगदीश पाटीदार युवा वाहिनी उमेश पाटीदार ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह जोथा राधेश्याम महेश जमुना प्रसाद दुर्गा प्रसाद ओम पाटीदार गोवर्धन शांतिलाल यादव व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे प्रवचन में मुनि विवर्धन सागर महाराज बोले...

# अश्व रूपी मन को कंट्रोल करने पर इंद्रियां भी कंट्रोल हो जाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



अपने भावों को जिसने सुधार लिया उसका भव सुधर जाएगा। भाव भाना हमारे हाथ में है, इसीलिए हमेशा प्रशस्त भाव भाना चाहिए। मंदिर में बैठकर भी गलत भाव भाने से पाप का ही उदय होगा। हम संसार में ही सुख मानते हैं जिसने संसार के भावों से अपना मन मोड़ लिया वही सुखी होता है। जिन भावों के द्वारा हम सुख देख रहे हैं। वही भविष्य में हमें दुःख देता है। जिसने अपने अश्व रूपी मन को कंट्रोल कर लिया उसकी इंद्रियां भी कंट्रोल हो जाती हैं।

दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने अपने प्रवचन के दौरान यह बात कही गई। मुनिश्री ने कहा कि 12 भावनाएं वैराग्य की जननी होती है। संसार में आकर के जीव भाव परावर्तन से दुःखों को उठाता रहा। भाव ही जीवन में ऊंचा उठाते हैं और भाव ही जीवन में नीचे गिराते हैं। जिन भावों को अभी तक हम भातें रहे अब उन भावों को हमें नहीं भाना है। भाव मिथ्यात्व के वशीभूत होकर के इस जीव ने संसार में अपार दुःख उठाए हैं। मुनिश्री ने कहाकि जिसने अपने अश्व रूपी मन को कंट्रोल कर लिया उसकी इंद्रियां भी कंट्रोल हो जाती है। सूरदास जी के द्वारा पर स्त्री को देखकर गलत भाव आने पर उन्होंने अपने नेत्र को फोड़ लेते हैं। सूरदास का मित्र कहता है कि आपको अपनी आंख फोड़ने की बजाय अपने मन को कंट्रोल करना चाहिए। मन गलत दिशा में चला जाता है तो स्वाध्याय के माध्यम से हमें मन को एकाग्र करना चाहिए। अनियंत्रित मन विभिन्न - विभिन्न दिशाओं में आगे बढ़कर बंध को प्राप्त होता है।

उन्होंने कहाकि जितना जीव भावों से पाप करता है, उतना इंद्रियों से नहीं करता है। जो आज गलत काम में लगा हुआ है। वह अनुकूलता आने पर अपने भावों को अच्छी दिशा दे देता है। जंगल में साधु महाराज के पास राजा महाराजा आते हैं। उनकी इस प्रतिष्ठा को एक डाकू देखता है तो वहां डाकू उन साधुओं से धन मांगता है साधु डाकू से कहते हैं कि पहले आपको अपने घर जाकर पूछना चाहिए कि मेरे गलत कार्यों में कौन सहयोगी बनना चाहेगा। मां से पूछने पर मां कहती कि तेरे द्वारा चोरी के द्वारा लायें गए धन में मेरी सहमति नहीं है। मुझे लोग चोर की मां कहते हैं। पिता भी डाकू से चोरी के कार्य में असहमति जताते है। पत्नी भी डाकू को गलत कार्य करने में सहभागी बनने से मना कर देती है। बेटा भी कहता है कि मुझे लोग चोर का बेटा कहते हैं। वह डाकू सोचता है कि मैं तो अभी तक अपने परिवार के लिए दुष्कार्य कर रहा था। डाकू संत के पास जंगल में जाकर कहता है कि है महाराज मैं तो अभी तक दूसरों के लिये ही पाप कर रहा था। डाकू संत से कहता है कि मुझे अब लौकिक धन नहीं परमार्थ धन चाहिए। मुनिश्री ने कहाकि अभी तक हम संसार में ही सुख मानते हैं जिसने संसार के भावों से अपना मन मोड़ लिया वहीं सुखी होता है। जिन भावों के द्वारा हम सुख देख रहे हैं वहीं भविष्य में हमें दुःख देता है। जम्बू स्वामी विवाह के प्रथम दिन ही अपनी पत्नी से घर छोड़ने की बात करते हैं। यह भाव की शुद्धता है। भावों की परिणति से डाकू भी वैराग्य धारण कर लेता है। हम चाहे तो भावों को संसार के मार्ग पर भी ले जा सकते हैं। या वैराग्य भाव की ओर भी ले जा सकते हैं।

मुनिश्री ने कहाकि जिसने देह रूपी बगीचे में पानी नहीं देकर आत्मा रूपी बगीचे में पानी देकर उसे हरा भरा रखा वह संसार में ही भ्रमण कर रहे हैं। जिसने राग रूपी परिणाम भाव छोड़ दिया वह धर्म के मार्ग पर लग जाता है। मुनिश्री ने कहाकि हमारी आत्मा में बहुत ताकत है उसी प्रकार हम भी अच्छी भावना से आत्मा का उद्धार कर सकते हैं। हम संसार के कार्यों में रम कर हमारे भावों को भूल गए है। हम भी अपने भावों को अमूल्य चंदन की लकड़ी से कोयला बनाकर उसे बर्बाद कर रहे हैं। भावों के द्वारा चक्रवर्ती की संपदा भी मिल सकती है। तीर्थंकर की पदवी में मिल सकती है। प्रत्येक जीव द्रव्य स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि अपनी राग परिणति के कारण से हम संसार में बंधे हुए हैं। भावों की परिणति से कोई तिर्यंच हो जाता है। तो कोई सुपार्श्वनाथ भगवान बन जाता है। मिथ्यात्व के भाव से निरंतर प्रवृति बंध किया है। एक कर्म के उदय से राग रूप परिणाम होते हैं।

# पथ संचलन में हो सकते हैं शामिल दस हजार गणवेशधारी स्वयं सेवक

### स्वयं सेवक कार्यकर्ताओं से विधायक राय ने की अपील



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीहोर में इतिहास रचने जा रहा है। रविवार 12 अक्टूबर को 10 हजार पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवको की बड़ी संख्या के साथ विशाल ऐतिहासिक पथ संचलन शहर में निकालने की तैयारी कर ली गई है। सीहोर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुदेश राय ने भी संघ के जिला कार्यालय पहुंचकर RSS की टोपी सफेद शर्ट कत्थई कलर की पेंट मोजे और काले जूते खरीद लिए हैं। संघ के जिला प्रचारक के दिशा निर्देशन में शहर की सभी बस्तियों में और आसपास के ग्रामीण अंचलों नगरों कस्बों में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पथ संचलन निकाले जा चुके हैं अब राष्ट्र स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरी तरह से 12 अक्टूबर रविवार की तैयारी की जा रही है। बाल विहार मैदान से ध्वजा प्रणाम के बाद विशाल पथ संचालन निकाला जाएगा।

हिंदुत्व के लिए सक्रिय समर्पित भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुदेश राय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सीहोर में रविवार 12 अक्टूबर को निकल जाने वाले पथ संचालन में शामिल होने की अपील की है।

**खबर संक्षेप**

## निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**देवास।** शंकरगढ़ स्थित गौशाला का निरीक्षण नगर निगम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बेस, लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, भाजपा नेता राजेश जैन, निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर, तथा गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं संदीप बैरागी उपस्थित रहे। श्री बैस के द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 70 बाय 70 फीट के गौशाला शेड की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्य की धीमी गति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण कार्य देख रहे इंजीनियर से चर्चा की गई तथा कार्य की गुणवत्ता एवं मात्रा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आहार की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा पशुओं को पौष्टिक एवं स्वच्छ आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। श्री बेस द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि गौशाला में आने वाले धार्मिक श्रद्धालुओं, जो माता-पिता की पुण्यतिथि, जन्मदिवस अथवा जप-ध्यान हेतु कुछ समय के लिए रुकते हैं, उनके लिए शौचालय एवं स्नानागार जैसी मूलभूत सुविधाएँ विकसित की जाएं।

### आज सुबह सवरर्सी पहुंचेगा शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर

# देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए जिले के लाल ने मातृभूमि की सेवा में दिया बलिदान

संजय मीणा भारतीय सेना में अपनी ड्यूटी निभाते हुए देश की रक्षा में समर्पित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा


जहां करवा चौथ पर सभी माता बहने अपने पति की लंबी उम्र की प्रार्थना करती है वही शुक्रवार को भौरासा नगर से 8 किलोमीटर दूर टोकखुर्द तहसील जिला देवास के ग्राम सवरर्सी के रहने वाले मां भारती के सपूत अमर शहीद संजय मीणा (11 ग्रेनेडियस) अरुणाचल प्रदेश में अपने कर्तव्य निभाते हुए भूस्खलन के बाद से लापता थे। संजय मीणा ने यूनिट 11 ग्रेनेडियस में रहते हुए मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिनकी शौर्य यात्रा आज सुबह इंदौर एयरपोर्ट से देवास,भौरासा के रास्ता होते हुए ग्राम सवरर्सी पहुंचेगी। शहिद संजय के पिता लाल सिंह मीणा किसानी करते हैं जिनके चार पुत्र हैं जिनमें तीन पुत्र फौज में गए थे और एक रिटायर हो चुके है।

सबसे बड़े पुत्र राम प्रसाद फौजी, वहीं दूसरे नंबर के पुत्र कैलाश मीणा, तीसरे नंबर के पुत्र हेमंत फौजी एवं चौथे नंबर के पुत्र शहीद संजय मीणा जो शहीद हो गए है वह अपने पीछे अपना पूरा परिवार बीवी बच्चे छोड़ गए हैं। संजय मीणा की पत्नी, एक लड़का और लड़की है।

### हादसे में गई जान

संजय की यूनिट वर्तमान में हरियाणा के अंबाला में पदस्थ थी। कुछ दिन पूर्व वह अपनी यूनिट के साथ अरुणाचल प्रदेश में अभ्यास (मिलिट्री ट्रेनिंग) के लिए गए हुए थे। वहां चार दिन पहले एक रैकी और गश्त के दौरान दुखद हादसा







हुआ। कठिन पहाड़ी इलाके में ड्यूटी के दौरान संजय मीणा एक गहराई में दब गए थे। सेना के जवानों ने लगातार तीन दिनों तक अथक प्रयास कर उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें अंबाला यूनिट में वापस लाया गया, लेकिन डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

शुक्रवार को शहीद संजय मीणा का पार्थिव शरीर दिल्ली लाया गया। वहां से उसे इंदौर लाने की प्रक्रिया चल रही है। सेना सूत्रों के अनुसार पार्थिव शरीर शनिवार सुबह तक इंदौर पहुंचेगा, जिसके बाद सेना के वाहन से उसे गांव संवरसी लाया जाएगा।

पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं शहीद के अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों का जमावड़ा लगने की संभावना है। गांव में अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। जैसे ही पार्थिव देह पहुंचेगी, पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। संवरसी की मिट्टी एक बार फिर अपने एक सपूत के बलिदान की गवाही देगी, जिसने देश की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया।

# रोजगार सहायक के ट्रांसफर के लिए रिश्वत लेने पर जनपद सीईओ चढ़े लोकायुक्त के हत्थे

**उज्जैन लोकायुक्त ने पकड़ा रंगे हाथ**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला मुख्यालय से करीब 28 किलोमीटर दूर टोंकखुर्द अनुभाग में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी को लोकायुक्त टीम उज्जैन ने शुक्रवार सुबह रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। सीईओ द्वारा रोजगार सहायक से तबादला करने के बदले 20000 रुपये की मांग की गई थी।

जानकारी अनुसार आवेदक कृष्णपाल सिंह रोजगार सहायक निवासी सोनसर तहसील टोंकखुर्द जिला देवास ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव के समक्ष उपस्थित होकर 29 सितम्बर को शिकायत की थी कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी द्वारा उसका ग्राम पंचायत नावदा में तबादला करने के बदले में 20000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है।जिस पर शिकायत का सत्यापन लोकायुक्त निरीक्षक दीपक सेजवार के माध्यम से कराया गया। सत्यापन में शिकायत सत्य पाई जाने पर शुक्रवार को आवेदक से मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सोनी को 20000 रिश्वत की लेते हुए जनपद कार्यालय टोंकखुर्द स्थित कार्यालय में पकड़ा गया। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में लोकायुक्त टीम के उप पुलिस अधीक्षक राजेश पाठक , निरीक्षक दीपक शेजवार,श्याम शर्मा ,उमेश जाटवा संदीप कदम, रमेश डाबर शामिल रहे।

# गरबे की मटकियों का कर्णेश्वर घाट पर किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नगर के मुख्य बाजार अंबिका चौक करनावद पर चल रहे शरद उत्सव का समापन गुरुवार को हुआ, जिसमें माताजी के रूप में विराजित तीन मटकियों का भेरू महाराज की सवारी के साथ चल समारोह निकाल कर कर्णेश्वर घाट पर विसर्जन किया गया। नगर में विगत पांच दिनों से चल रहे शरद उत्सव का अंतिम रात शरद पूर्णिमा पर रात भर श्रद्धालुओं द्वारा अंबे मां का जगराता किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालु ने मां के जगराते में शामिल हुए।

मध्य रात्रि को भैरू महाराज, चौसट



योगिनी, कालका माता, अंबे माता, गणेश जी एवं भोलेनाथ जी की सवारी निकाली गई, जिसमें परंपरा एवं मान्यता अनुसार कालका माता एवं अंबे माता की सवारी बहुत ही अदभुत एवं अलौकिक थी। निःसंतान माताओ की गोद कालका माता एवं अंबेमाता द्वारा भरी गई। मान्यता है कि कालका माता एवं अंबेमाता द्वारा जिनकी गोद भरी है उनको अगले वर्ष तक मनोवांछित संतान की प्राप्ति होती है। गरबा उत्सव समिति व नव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी रात तैनात रहे। पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी चिंतामण चौहान अपने पूरे बल के साथ पूरी रात लगे रहे एवं व्यवस्था चाक-चौबंद की। सात दिन तक मटकी के ऊपर ज्योत जलाकर गरबीया गाई और पूजा करने के बाद शरद पूर्णिमा की पूरी रात जगराता कर मटकीयों को सेंधला नदी पर बने कर्णेश्वर घाट पर विसर्जित किया गया।

## अनोखा विरोधः वार्ड 42 में गड्ढों का हुआ पूजन



**देवास।** वार्ड नंबर 42 के रहवासियों ने शुक्रवार को अपनी जर्जर सडक़ की बदहाली के खिलाफ अनोखे अंदाज़ में विरोध दर्ज कराया। पार्षद श्याम पटेल के नेतृत्व में मल्हार रोड धुनी संस्थान से सिल्वर कॉलोनी चौराहा तक की टूटी-फूटी सडक़ पर गड्ढों को पुष्पमाला पहनाकर गड्ढा पूजन किया गया। रहवासियों का कहना है कि इस मार्ग की स्थिति बेहद खराब है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह सडक़ कायाकल्प अभियान के तहत बनाई गई थी, लेकिन ठेकेदार द्वारा किए गए गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण कुछ ही समय में सडक़ उखड़ गई। जब रहवासियों ने इसकी शिकायत पार्षद से की तो उन्होंने मौके पर इंजीनियर को बुलाया और वर्क ऑर्डर के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। लेकिन इंजीनियर की फटकार के बाद ठेकेदार काम अधूरा छोड़ मौके से भाग गया। पार्षद श्याम पटेल ने बताया कि उन्होंने कई बार पत्रों, फोन और व्यक्तिगत रूप से आयुक्त से मिलकर इस समस्या की शिकायत की, लेकिन नगर निगम ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र सडक़ सुधार कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो यह विरोध और भी उग्र रूप लेगा।

# मुआवजे की मांग को लेकर अन्नदाताओं ने टोंकखुर्द तहसीलदार निरंकारी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

टोकखुर्द तहसील मे खरीफ फसल नुकसानी राहत राशि बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर भारतीय किसान संघ के द्वारा कई मांगों को लेकर तहसीलदार गौरव निरंकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में मांग की गई कि खरीफ फसल सोयाबीन, मक्का एवं अन्य जेसे पीला मोजैक एवं जल भराव से जो फासले खराब हुई है व जिन क्षेत्रों में सर्वे नहीं हुआ है वहां सर्वे किया जाए या रकबे के मान से मुआवजा राशि दी जाए।

सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। भावांतर से किसानों को नुकसान है क्योंकि पिछले अनुभव ठीक नहीं रहे हैं। इसमें किसानों के साथ छलावा होता है और व्यापारी भी लूटते हैं।मॉडल रेट के नाम पर किसानों को ठगा जा सकता है जिन कृषि फसलों की एमएसपी तय नहीं है फसल भावांतर देकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। कपास की खरीदी सीसीआई जल्द चालू करें।

आवेदन वाचन तहसील अध्यक्ष संजय जलोदिया, जिला सदस्य हुकम सिंह सेंधव, जिला सदस्य मानसिंह पाटीदार, जिला सदस्य ओम पाटीदार व समस्त किसानों की उपस्थिति में किया गया।

# राहत राशि और अन्य मांगों को लेकर किसान संघ का धरना जारी, किसानों की आवाज सुनने नहीं पहुंच रहे हैं जवाबदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विकास खंड बागली का अनिश्चितकालीन धरना एसडीएम कार्यालय के सामने जारी है। किसानों की मांग है कि खरीफ फसल नुकसानी की राहत राशि के साथ बीमा क्लेम एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी हो।

पिछले साल खरीफ फसल सोयाबीन मक्का एवं अन्य जिंसों की पीला मोजक एवं जल भराव से 80 से 90% रकबे में 70% से 80% फसल खराब हुई थी। उसकी राहत राशि बार बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी आज तक नही दी गई। बीमा क्लेम की राशि भी नाम मात्र की मिली है और कई हल्के में वह भी नही मिली है। बागली विकास खंड में तो सर्वे के आदेश भी हुए थे उसके अनुसार उन पटवारी हलकों में सर्वे दल की पंचनामा रिपोर्ट और फसल कटाई प्रयोग के आंकड़ों के आधार पर और कृषि भूमि के रकबे के मान से




किसानो को राहत राशि दी जाए। इस वर्ष भी खरीफ फसल सोयाबीन में किट रोग और वायरस से 30%रकबे में 60 से 70% नुकसानी हुई हैं। उसका भी सर्वे हुआ है।

इस सर्वे के आधार पर सभी किसानो को राहत राशि तुरंत दी जाए। सोयाबीन और मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए। भावांतर से किसानों को नुकसान है क्योंकि पिछले अनुभव ठीक नहीं रहे हैं। किसान वर्ष 2018 में इस योजना में छला गया था। व्यापारियों ने भी लुटा और सरकार ने भी उसकी भावांतर राशि आजतक नहीं दी। इसलिए भारत सरकार द्वारा घोषित एमएसपी पर ही खरीदी की जाकर किसानों का आक्रोश कम किया जाए। जिन कृषि फसलों की एमएसपी तय नहीं है ऐसी (प्याज, लहसुन, आलू एवं अन्य सुखी फसल ओर दूध सब्जियां)फसलों को भावांतर देकर किसानों को राहत प्रदान की जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित फसलों का बीमा किसानों को दिलाया जाए।सेटेलाइट पद्धति अपडेट नहीं हे ।

इसे बंद किया जाए। उक्त मांगों का शीघ्र समाधान जब तक नही किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा । धरना सुबह 11बजे से चालू हुआ लेकिन शाम 5 बजे तक भी कोई भी जवाबदार अधिकारी किसानों के बीच नही पहुंचे ।इस दौरान प्रांत सदस्य रामप्रसाद सूर्या, प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार जिला अध्यक्ष हुकुमचंद पटेल जिला उपाध्यक्ष नारायण मंडलोई,चम्पालाल मूकाती, केदार मल पाटीदार,तहसील अध्यक्ष अनिल पाटीदार, रामनारायण यादव, तहसील मंत्री सतीश प्रजापत, ओमप्रकाश पाटीदार, एडवोकेट प्रवीण चौधरी,महेश पाटीदार, डालुराम भाटी, विक्रम सिंह उदावत,शिव यादव , नेमीचंद पाटीदार, एवं किसान उपस्थित थे।

### बागली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

# सभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली

बागली में 14 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के बागली में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली एवं बागली में सभा स्थल का निरीक्षण किया।

बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, हितलाभ वितरण सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करें।

सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए वे मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई कमी न रखें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर विशाखा देशमुख, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।बैठक के पश्चात कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बागली में विधायक मुरली भंवरा एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के साथ सभा स्थल और हैलीपेड के लिए चिंहित जगह का निरीक्षण किया।

उन्होंने बागली में नव निर्मित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर आवागम, बैठक की उचित व्यवस्था, ट्राफिक व्यवस्था, पेयजल की उचित व्यवस्था, अस्थाई शौचालय, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, हैलीपेड, सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर संजीव जैन, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम बागली शिवम यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कफ सीरप से मासूम बच्चों की असमय मौत के बाद कांग्रेस का कैंडल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बदहाल सिस्टम के कारण छिंदवाड़ा में जहरीले सिरप से मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। इस अमानवीय लापरवाही के विरुद्ध गुरुवार रात्रि को नगर कांग्रेस कमेटी बागली द्वारा गांधी चौक पर कैंडल मार्च निकालकर दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई और मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस के दिलीप गुर्जर ने बताया कि भाजपा सरकार के बदहाल सिस्टम के कारण मासूम बच्चों की जान गई है, लेकिन सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है। कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकालकर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान रितेश राठौर,दिलीप गुर्जर, श्यामा तंवर, अंतरसिंह पाटीदार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में होने वाली शादियों की तिथि तय

**ललितपुर ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित / निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है। जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 12.11.2025 को होना प्रस्तावित है। पंजीयन के समय वधु व वर की फोटो, आधारकार्ड, आयु प्रमाणपत्र, निवास प्रमाण पत्र, वधू की बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना होगी। योजना का लाभ उसी वधू को दिया जाएगा जो ललितपुर की निवासी है, लेकिन वर किसी भी राज्य या जिले का हो सकता है। इस बार योजना के तहत हर जोडे पर 1 लाख रुपयें खर्च किए जाएंगे, जिसमें 60 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में भेजे जाएगें, जबकि बाकी राशि उपहार, आयोजन आदि पर खर्च की जाएगी। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी जी, के आदेशानुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका ललितपुर, समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह अपने अपने क्षेत्र में उक्त तिथि का प्रचार-प्रसार कराकर अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। 12 नबंवर को प्रस्तावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 07 नबंवर तक प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को ही सम्मिलित किया जायेगा

### मोटर साइकिल चोरी करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला बड़ापुरा अंतर्गत रहने वाले रामनिवास पुत्र सीताराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार-शुक्रवार की रात 1.30 बजे पठापुरा निवासी तीन बदमाशों ने जिनमें से एक को वह पहचानता है ने उसकी प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एम 6142 को चोरी कर लिया है। मामले की सूचना उसने मिलने पर उसने जब पड़ौस के सीसीटीवी की जांच की तो उसने बाइक चोरी करने वाले एक व्यक्ति को पहचान लिया। पीड़ित ने पुलिस से बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### निम्न आय वर्ग को मिलेगी होम लोन पर 1 लाख 80 हजार सब्सिडी

**विदिशा।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के पात्र हितग्राहियों को होम लोन पर अधिकतम 1.80 लाख रुपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी।

## ललितपुर पुलिस को सितंबर-2025 के लिए मिला 23वां स्थान

# जन शिकायतों में सुनवाई पर प्रदेश में 11 थानों को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सरकार की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में ऑनलाइन शिकायत पोर्टल, समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त शिकायतों को उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद ललितपुर पुलिस को माह सितम्बर-2025 की रैंकिंग में प्रदेश में 23 वां स्थान व कानपुर जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से



मूल्यांकन में मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का उचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में थानों की रैंकिंग में जनपद के 11 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस परिणाम के लिए एसपी ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को पूरी लगन, मेहनत व समर्पण से कार्य करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा कर पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और निकट भविष्य में इसी प्रकार पूरी लगन व मेहनत से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### इन थानों को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

आईजीआरएस जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश की रैंक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ललितपुर के 11 थानों में थाना मडावरा, थाना बानपुर, थाना कोतवाली, थाना तालबेहट, थाना महरौनी, महिला थाना, थाना बार, थाना पाली, थाना सौजना, थाना बालाबेहट, थाना जाखलौन शामिल हैं।

### यह पुलिस टीम है आईजीआरएस में शामिल

पुलिस विभाग से जारी आईजीआरएस में शामिल पुलिस अधिकारियों व कर्मियों में आईजीआरएस सेल प्रभारी उ.नि. राजकिशोर मिश्रा, मुख्य आरक्षी दीपक कुमार, महिला कां.सोनम गोयल, कां.गौरव शर्मा, कां.आशीष वर्मा, म.का. पल्लवी शामिल रहीं।

## साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी, किया निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। एसपी ने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इसी दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल एवं शारीरिक अभ्यास का एसपी ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में अनुशासन, सामूहिक तालमेल, आदेशों के पालन एवं उत्साह की सराहना कर प्रशिक्षण की वर्तमान प्रगति, पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रशिक्षकों द्वारा अपनाई जा रही प्रशिक्षण विधियों की समीक्षा करते हुये प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। एसपी ने पुलिस लाइन में संचालित आर.टी.सी. के भोजनालय का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा भोजन की गुणवत्ता व साफ-सफाई को परखा गया एवं सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिया। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित कर त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी मो.मुश्ताक ने आपदा की परिस्थितियों जैसे बाढ़, आग, भूकम्प अथवा सड़क दुर्घटनाओं में राहत एवं बचाव कार्यों की प्रक्रिया, त्वरित प्रतिक्रिया, टीमवर्क तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी देते हुये एसडीआरएफ की टीम द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबधंन के सम्बन्ध में दिये जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तदोपरान्त एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया तथा विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर,

## 4 चरणों में संचालन हो चुका

# मिशन शक्ति में हुई ढाई हजार मरीजों की जांच : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महिलाओं के स्वास्थ्य की परिवार के सशक्तीकरण, समुदाय एवं राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका है। संपूर्ण प्रदेश में अभियान का पांचवा चरण शुरू किया गया है।

मिशन शक्ति विशेष अभियान मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान के उद्देश्यों के साथ मिशन शक्ति के रूप में वृहद अभियान के पहले चरण की शुरुवात 17 अक्टूबर 2020 को की गई थी। अभी तक 4 चरणों में इसका संचालन किया जा चुका है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृह, सहित 28 विभागों तथा समाज-सेवी संस्थायें तथा शैक्षणिक संस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। अभियान के प्रथम 4 चरणों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से 9 करोड़ से अधिक जन-सामान्य तक पहुंच कर उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा कार्यक्रमों से अवगत कराया गया है। सीएमओ ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों एवं उनसे सम्बन्धित स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य एवं उचित सम्मान मिशन शक्ति 5.0 की प्राथमिकता है। अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को उचित सम्मान देना व कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडऩ अधिनियम की जानकारी देना शिक्षा हेतु प्रेरित करना व समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहारिक बदलाव लाना आदि गतिविधियां शामिल हैं। मिशन शक्ति अन्तर्गत जनपद के विभिन्न प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 2818 मरीजों की जांच की गयी।

### बस ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत




**ललितपुर।** सड़कों पर बेखौफ होकर अंधी रफ्तार से नॉन स्टाप बनकर भाग रहीं बसें अब लोगों का काल बन गयीं हैं। शुक्रवार को लापरवाही से भाग रही बस ने ललितपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर बिरधा के पास ग्राम छैघरा में बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी और रौंद दिया। इस घटना से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि एक अन्य घायल बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छाबड़ा कम्पनी की बस बाइक सवारों को टक्कर मारते हुये मोटर साइकिल को करीब 2 किमी दूर तक घसीटते हुये ले गयी। मृतकों की पहचान बिरधा निवासी गंगाराम (35) और राजेश (30) के रूप में हुई है। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बस को भी जब्त कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला समेत 4 पर एफआईआर

### उधारी चुकता होने पर भी वापस नहीं दे रहे जमीन विक्रय पत्र

**ललितपुर।** साहूकारी के एवज में रजिस्ट्री वापस न करने और धमकाने का आरोप लगाये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में एसपी के आदेश पर थाना महरौनी पुलिस ने महिला समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम पठाविजैपुरा निवासी कृष्णकुमार पुत्र रामदेव तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। बताया कि वर्ष 2010 में उसके चचेरे भाई रामनरेश को कैंसर की बीमारी होने के कारण इलाज के लिए गांव के राजेश पुत्र रामगोपाल से फुटकर-फुटकर करीब 2 लाख रुपये दिया। लेकिन रामनरेश की वर्ष 2012 में मृत्यु होने के पश्चात राजेश उक्त रुपयों का दबाव बनाते हुये उसके पिता रामदेव तिवारी से आराजी नं. 998 रकवा 4.246 हे में से 0.809 हे. का विक्रय पत्र वर्ष 2016 में अपनी पत्नी गीता देवी के नाम से इस शर्त पर करा लिया था कि इलाज के लिए उधार लिये रुपये वापस करने पर विक्रय पत्र वापस हो जायेगा। आरोप है कि पिता ने 2 लाख रुपये मय ब्याज के धीरे-धीरे करके अंतिम भुगतान 30 जून 2025 को करते हुये जमीन का विक्रय पत्र वापस मांगा तो राजेश ने मना कर दिया। पंचायत जोडऩे पर 50 हजार रुपये ब्याज से अधिक होने पर पंचों ने रजिस्ट्री खर्च राजेश को ही उठाने को कहा। इस पर खरीफ की फसल आने पर अक्टूबर 2025 को विक्रय पत्र वापस करने की मांग की गयी। आरोप है कि राजेश विदुआ, गीता देवी पत्नी राजेश, अंशु विदुआ और आकाश विदुआ पुत्रगण राजेश ने उन्हें गालियां देते हुये जमीन का विक्रय पत्र देने से मना कर दिया। एसपी के आदेश पर महरौनी पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 308 (3), 316 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता पर विचार गोष्ठी हुई

# हर व्यक्ति के लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी: डॉ. सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रधानाचार्य डा० मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोग विभाग के तत्वावधान एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो० डा० सुनैना सूद विभागाध्यक्ष, मानसिक रोग विभाग स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर ने अपने सम्बोधन में इस वर्ष 2025 की थीम सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुये बताया कि मानसिक स्वास्थ्य दिवस को प्रत्येक वर्ष की भांति 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। हर व्यक्ति के लिए जितना उसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी है। उतना ही उसके लिए मानसिक स्वास्थ्य जरूरी होता है। कई बार कुछ चीजों को नजर अंदाज करके कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हमें बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपने आस-पास के लोगों में कहीं कोई इस चीज से जूझ तो नही रहे। जब लोग मानसिक तनाव से गुजरते है तो वो खुद में कई तरह की चीजों में बदलाव देखने को मिलता है। आज कल सोशल मीडिया की वजह





से बच्चे व बड़े भी रात को देर रात तक मोबाइल में लगे रहते है जिससे उनकी नींद पूरी नही होती और इसका सीध असर दिमाग पर पड़ता है। अगर लम्बे समय तक बच्चे व बडों की नींद पूरी न हो तो यो स्ट्रेस की भी बडी बजह हैं ऐसे में बच्चे व बडे को रोजना एक ही टाइम पर सोने की आदत डाले इससे नींद भी पूरी होगी और रात को ओवरथिंग करने से भी बच्चे व बडे बचेंगे।

डा० पवन सूद, वरिष्ठ फिजीशियन, ने बताया कि विश्व मानिसक त्त्वास्थ्य दिवत्त आज दुनिया भर में ननाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधित जागरूकता बढ़ाना, गति प्रदान करना है यह दिन लोगों को अपने भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की याद दिलाता है। इस दिन का उद्देदश्य लोगों में मेंटल हेल्थ के प्रति जागरूता फैलाना है। आज कल बड़ों से लेकर बच्चे तक स्ट्रेस का शिकार हो रहे है। स्ट्रेस को दूर करने के लिए मेडिटेशन सबसे बढ़िया उपाया हैं बच्चे में यह आदत डालना बहुत जरूरी है। शुरू-शुरू में उन्हे खेल के तौर पर मेडिटेशन करवाएं, कुछ समय के बाद ये उनकी डेली रूटीन का हिस्सा बन जाएगा। इससे उनका दिमाग फ्रेश रहेगा साथ ही स्ट्रेस भी दूर रहेगा।

डा० श्रुति सिंह, उप प्रधानाचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुये बताया गया कि तमात किसी भी समस्या का हल नहीं होता है बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्नदाता होता है। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर सनी से अपील है कि जिंदगी की परेशानियां को शान्ति के साथ सुलझाए परिस्थिति कैसी भी हो खुश रहना सीखें, खूब हंसे और तनाव को अपने पास भटकने भी न दें। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डा० गजेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा० एन०सी० गुप्ता, डा० रवि पचौरी, डा० घनश्याम, डा० डी०के० राज, डा० डी०बी० सिंह, डा० मनीष कुमार माथुर, डा० प्रियंका गुडरेले, डा० प्रिया जैन, श्री नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, महेन्द्र पटेल हेल्प डेस्क मैनेजर व अन्य अधिकारी / कर्मचारी मौजूद।

## करवा चौथ पर परिचर्चा आयोजित की

# करवा चौथ का व्रत भारतीय दाम्पत्य जीवन के प्रेम प्रवाह का ज्योतिर्मय निर्झर: शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

करवा चौथ के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि वस्तुतः लोकगीत जो अनुभूत विचारों और भावनाओं में रचे बसे ऐसे वनफूल होते हैं जो माली द्वारा खाद-पानी से पोषित उद्यान के पुष्प होते हैं । एक बुन्देली बाला यद्यपि बखूबी जानती है कि मेरा साजन श्रमिक परिवार का होने के कारण आभूषण बनवाने की हैसियत नहीं रखता । परंतु वह मन का बड़ा धनी है , इसलिए वह जैसे ही काम करके घर लौटता है कि वह - हंस दै लये झंझर किबार ! सजना ककना ( कंगन ) बनवा दो सोने के । वह अपने टूटे-फूटे किवाड़ों को सहसा बंद कर लेती है और किवाड़ों की चौड़ी सांसों से इसरार करते हुए अपनी स्वाभाविक मुस्कान को छिपाने के लिए जैसे ही मीठे विनोद को अभिव्यक्त करती है तो उसकी मसखरी छिपाये नही छिपती । क्योंकि उसे बोध है कि उसके माता-पिता ने भी विवाह के समय उसे जो चांदी की कुलदेवी बीजासेन माता की पुतरिया दी थी उसके कर्ज का ब्याज तक अभी चुकता नहीं हो पाया । और इधर अपनी ही बड़ी बेटी के हाथ पीले करने की चिन्ता बढ़ती ही जा रही । परंतु किसान मजदूर और शिल्पकार संतुष्ट और सुखी दाम्पत्य जीवन वनवासी भगवान राम की तरह मुसीबत के समय भी आनंदपूर्वक बड़प्पन के साथ जीवन जीने की कला में बड़े माहिर हैं ।

चित्रकूट की स्फटिक शिला पर प्रभु राम सीताजी के साथ बैठे हैं और वहाँ की प्राकृतिक छटा और घटा को निहार-निहार कर वहां के वनफूलों को चुन-चुन कर फूलमाला पिरोते हैं और अपनी प्राणप्रिया के गले में पहना देते हैं । महर्षि वाल्मीकि कहते हैं - कुश कंटकों को रौंदती हुई सीताजी भगवान राम से आगे-आगे चलने का साहस रखतीं हैं । इसी बात को और आगे बढ़ाते हुए महात्मा तुलसी कहते हैं कि उन्हें थका हुआ जानकर लक्ष्मणजी को जब पानी लेने के लिए दूर भेज दिया जाता है तो श्रीराम जी उनकी थकान मिटाने के लिए अपने पांव में लगे झूठ-मूठ कांटा निकालने का बहाना करने लगते हैं तुलसी रघुवीर प्रिया श्रम जानि कै , बैठि बिलम्ब लौ कंटक काढै ।

इसी तरह अपने द्वापर काव्य में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त माता यशोदा के मुख से कहलाते हैं - मेरे पति (नंद) कितने उदार हैं , गदगद हूं यह कहते , रानी सी रखते हैं मुझको स्वयं सचिव से रहते हैं यानि पति होकर वे कभी निरंकुश राजा की तरह कठोर आज्ञा पालन के लहजे में न बोलकर मंत्री अर्थात मंत्रणा की मीठी मुद्रा में ही सदा संलाप करते हैं । आधुनिक युग में बापू और वा लगातार 22 वर्ष तक दिल से दिल और हाथ से हाथ मिलाकर सत्याग्रह संग्राम में कदम से कदम मिलाकर तथा भारत लौटने पर स्वतंत्रता संग्राम में अग्रसर हेते रहे ।

### पेयजल आपूर्ति संसाधनों में व्यवधान न आए कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति किसी भी परिस्थिति में बाधित न हो तथा आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए अभी से समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाएं बिजली या संसाधनों के अभाव में बंद न हों। ऊर्जा विभाग को नियमित बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए। नल-जल योजनाओं के छोटे कार्य (20 से 25 हजार रुपए तक) वेण्डरों के माध्यम से कराकर भुगतान ग्राम पंचायत से कराने की बात कही गई। जलकर वसूली का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपने और उन्हें प्रशिक्षित करने पर बल दिया गया।

### सरकारी डॉक्टरों की नियम विरुद्ध निजी प्रैक्टिस करने की शिकायत

**विदिशा।** जिले में पदस्थ कई सरकारी डॉक्टरों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए निजी क्लिनिक व मेडिकल दुकानों के अंदर या आसपास क्लिनिक संचालित करने की शिकायत सीएमएचओ से गई है। शिकायतकर्ता शोभित अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में मात्र 170 से 175 मेडिकल संस्थान ही पंजीकृत हैं, जबकि अनेक सरकारी डॉक्टर बिना पंजीकरण के निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। डॉक्टरों की मेडिकल दुकानदारों से मिलीभगत के कारण मरीजों को केवल तय दुकानों से ही दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टर केवल अपने आवास पर ही सीमित परामर्श दे सकते हैं, परंतु कई डॉक्टर प्राइवेट अस्पतालों और क्लिनिकों में भी कार्यरत हैं, जिससे सरकारी अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो

## आपदा की स्थिति में त्वरित राहत, बचाव और समन्वय क्षमता का प्रदर्शन किया

# मेडिकल कॉलेज में भूकंप के बाद लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में भूकंप एवं आगजनी की स्थिति पर संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

यह अभ्यास आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन योजना के तहत किया गया, जिसमें 11वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ की क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भोपाल टीम, एसडीईआरएफ विदिशा, होमगार्ड और नगर पालिका की टीमें शामिल रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संयुक्त कलेक्टर अनुभा जैन रहीं। अभ्यास के परिदृश्य के अनुसार भूकंप के झटकों से मेडिकल कॉलेज की एक इमारत का हिस्सा ढह गया, जिसमें कई लोग फंस गए। प्रारंभिक बचाव कार्य होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ टीम ने शुरू किए, पर स्थिति गंभीर होने पर एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन, उप कमांडेंट एसए सिकंदर के नेतृत्व में भोपाल से मौके पर पहुंची। टीम ने ऑपरेशन बेस, कमांड पोस्ट, मेडिकल पोस्ट स्थापित कर लाइन सर्च, रोप रेस्क्यू और विक्टिम लोकेटिंग कैमरा जैसी तकनीकों से फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।



**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में आपदा की स्थित में बचाव का अभ्यास करते हुए।

### आईसीयू में लगी आग, फायर टीम ने नियंत्रित की

भूकंप के बाद शॉर्ट सर्किट से आईसीयू वार्ड में आग लगने की स्थिति का अभ्यास भी किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन के नेतृत्व में नगर पालिका की फायर टीम ने फायर टेंडर से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। वहीं प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में सीडीईआरएफ टीम ने फायर एक्सटिंग्यूशर और रोप रेस्क्यू तकनीक से मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला। डीन डॉ. मनीष निगम, डॉ. नरेंद्र पटेल सहित उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की सराहना की। यह मॉक ड्रिल आपदा की स्थिति में राहत-बचाव की तैयारी साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने का भी सार्थक प्रयास है।

## दिव्यांगता त्वरित पहचान एवं स्क्रीनिंग शिविरों में डॉक्टर की ड्यूटी में दिखा भेदभाव

# सीएमएचओ की लापरवाही या बाबू की मनमानी


### किसी डॉक्टर की 12 तो किसी डॉक्टर की दिखी मात्र 2 ड्यूटी




हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा

जिला अस्पताल के सीएमएचओ ऑफिस में बाबूओं के किस्से आम हो चले है यहां पर अधिकारियों को बाबूओं क हाथ की कठपुतली कहा जाता है और इसका प्रमाण देखने में मिलता भी है और संबंधित अधिकारी आंख मूंदकर बस हस्ताक्षर कर देते है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है जहां पर कलेक्टर के आदेश के बाद सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मप्र के आदेश के बाद जिले में विभिन्न जगहों पर दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसका उद्देश्य चननित लोगों को परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाणपत्र. जारी किए जा सके व उनको शासन की मिलने वाली सुविधाओं से लाभांवित किया जा सके।

परंतु सीएमएचओं ऑफिस में संबंधित बाबू अपनी कलाबाजी से बाज नही आ रहे है वह डॉक्टर से लेकर स्टॉफ पर अपना प्रभाव बताने के लिए सारे नियमों को ताख पर रखकर अपनी मनमर्जी से डॉक्टर की ड्यूटी इस कैंप में लगा दिए है जिससे किसी डॉक्टर की 12 - 12 तो अपने चहेते डॉक्टर की मात्र 2 ड्यूटी इस केंप में लगाई गई है। हद तो तब हो गई जब सीएमएचओं ने भी इस पर अपने हस्ताक्षर कर दिए और न्याय नहीं किया। इससे प्रतीत होता है कि सीएमएचओं डॉ शोभा पटेल भी संबंधित बाबूओ के अधीन ही काम कर रहीं है जो कि कहीं न कहीं शर्मिन्दा करने के लिए काफी है।



कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्रमांक/स्थापना/2025/12087 राजगढ़, दिनांक 06/10/2025

//आदेश//

कार्यालय कलेक्टर (सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) जिला राजगढ़ म.प्र. का आदेश क./नि.क./2025-26/537539 दिनांक 27.09.2025 के द्वारा समस्त दिव्यांग बच्चें (आयु 18 वर्ष तक) में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिससे उनके चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी किये जा सके व उनको शासन की मिलने वाली सुविधाओं से लाभांवित हो सके।
इस हेतु निम्नानुसार विशेषज्ञ/चिकित्सको की अनुसार लगाई जाती है:-

| क्र. | दिनांक | स्थान | विशेषज्ञ/चिकित्सक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 08.10.2025 | नगर परिषद कुरावर | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 2. | 09.10.2025 | नगर परिषद बोड़ा | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 3. | 10.10.2025 | नगर परिषद तलेन | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 4. | 13.10.2025 | जनपद पंचायत सारंगपुर/ नगर पालिका सारंगपुर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 5. | 14.10.2025 | नगर परिषद पचोर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 6. | 15.10.2025 | जनपद पंचायत ब्यावरा/ नगर पालिका ब्यावरा | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. प्रदीप माथुर, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 7. | 16.10.2025 | नगर परिषद सुठालिया | 1. डॉ. शरद साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. चर्चिता मेहता, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. प्रदीप माथुर, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 8. | 23.10.2025 | जनपद पंचायत राजगढ़/ नगर पालिका राजगढ़ | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 9. | 24.10.2025 | नगर परिषद खुजनेर | 1. डॉ. प्रियंका यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. सुधीर कलावत, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. रजनीश शर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ |
| 10. | 27.10.2025 | जनपद पंचायत खिलचीपुर/ नगर पालिका खिलचीपुर | 1. डॉ. गिरिराज बढ़ोने, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 11. | 28.10.2025 | नगर परिषद छापीहेड़ा | 1. डॉ. गिरिराज बढ़ोने, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 12. | 29.10.2025 | जनपद पंचायत जीरापुर/ नगर पालिका जीरापुर | 1. डॉ. गिरिराज बढ़ोने, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ 3. डॉ. अभिषेक सिलोदिया, अस्थि रोग चिकित्सक |
| 13. | 30.10.2025 | नगर परिषद माचलपुर | 1. डॉ. गिरिराज बढ़ोने, नेत्र रोग विशेषज्ञ 2. डॉ. योगेश दांगी, मेडिकल विशेषज्ञ |

### किसी को 12 तो चहेते को दी 2 ड्यूटी

दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन में जिन डॉक्टर की डयूटी लगाई गई उनमें डॉ अभिषेक सिलोदिया एवं डॉ रजनीश शर्मा की सबसे ज्यादा ड्यूटी लगाई गई वहीं बाबू के चहेते डॉ प्रदीप माथुर की मात्र 2 ड्यूटी ही लगाई गई और उस आदेश पर सीएमएचओं के साइन भी करवा लिए गए। इससे पूर्व भी बाबूओं ने कई काम नियमतविरूद्ध किए है जिस पर ज्वाइंट डॉयरेक्टर ने संज्ञान लेकर बाबू को उस जिम्मेदारी से हटाया है तो क्यों न सीएमएचओ भी ऐसे बाबू पर कार्रवाई कर उसे इस गैरजिम्मेदाराना काम के लिए उसका चार्ज से मुक्त कर दें।

### सीएमएचओ बोलीं- हमने आज बदल दिया है रोस्टर

स्वास्थ्य विभाग के बाबूओं की मनमानी पर जब जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ शोमा पटेल से बात की गई तो उन्होने बताया कि हमने रोस्टर बदल दिया है और सभी डॉक्टर को बराबर जिम्मेदारी सौंपी गई है किसी डॉक्अर के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है परंतु इससे एक बात तो स्पष्ट हो गई कि सीएमएचओं ऑफिस के बाबू गैरजिम्मेदार जरूर है इन पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

## निकला पथ संचलन

# कदम ताल मिलाते चले स्वयं सेवक



**सुठालिय।** नगर में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयं सेवको ने नगर में पथ संचलन निकाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रांत के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया,मुख्य अतिथि अयोध्या के संत श्री श्री 1008 बालकदास महाराज, विशेष अतिथि खंड संचालक रतन सिंह मालवीय,मुख्य शिक्षक आकाश गिरी, प्रार्थना विशाल सरावत,ध्वजवाहक दिलीप मालवीय रहे। मुख्य वक्ता सेठिया ने शताब्दी वर्ष में होने वाले पंच परिवर्तन पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन,स्व बोध,नागरिक शिष्टाचार,सामाजिक समरसता से समाज को जोड़ने का सूत्र बताया। स्वयं सेवक नगर में घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर गीत गुनगुनाते हुए शिशु मंदिर से नगर के विभिन्न चैराहों से होते हुए निकले।नगर में नगर वासियों,शिशु मंदिर, बल्केश्वर समिति आदि ने पथ संचलन का फूलों से स्वागत किया। पथ संचलन में जिले के जिला प्रचारक,खंड विस्तारक,खंड कार्यवाह,उप खण्डों के सह खंड कार्यवाह,नगर कार्यवाह,सह नगर कार्यवाह,जिले के पदाधिकारी,खंड के अधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# पेड़ों की अवैध कटाई, वनभूमि के कब्जों पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

## टास्क फोर्स समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले के वनक्षेत्रों में अवैध कटाई, वनभूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम, वनक्षेत्र एवं राजस्व क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण से संबंधित प्रकरणों के संकलन एवं समीक्षा किए जाने हेतु गुरूवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में वन विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अवैध कटाई, अतिक्रमण एवं अवैध उत्खनन पर रोक तथा अंकुश लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पुलिस विभाग, वन विभाग से संपूर्ण सहयोग एवं कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए प्रदान किए। बैठक में डीएफओ बेनी प्रसाद दोतानिया ने बताया कि वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ की अधिसूचित 02 किमी ईको सेसिटिव जोन की सीमा अंतर्गत स्थित ग्राम तिन्दोंनिया में रात्रि को संचालित अवैध उत्खनन मामलों में दाबिश दी जाकर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

### वनाधिकाकारी पट्टों के संबंध में भी हुई चर्चा

वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ़ अंतर्गत स्थित राजस्व ग्राम चैनपुरा के विस्थापन हेतु कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा एसडीएम नरसिंहगढ को अभ्यारण्य अधीक्षक के साथ बैठक कर विस्थापन की कार्यवाही नियमानुसार करने हेतु निर्देशित किया। वन विभाग द्वारा प्रदाय 15 वर्षीय पट्टों को वन अधिनियम के तहत वनाधिकार पत्र प्रदाय करने हेतु जनजातीय कार्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चरणबद्ध तथा समयबद्ध कार्यक्रम एसओपी अनुसार वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही वन्यप्राणी अभ्यारण्य नरसिंहगढ अंतर्गत वर्ष 1980 के पूर्व के बने धार्मिक स्थल को सामुदायिक वन अधिकार पत्र प्रदाय करने के संबंध में भी अवगत कराया गया।

## युवा उत्सव का द्वितीय दिवस

# महाविद्यालय में युवा उत्सव के तहत रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ममता खोइया के निर्देशन में चल रहे युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पर अंतर कक्षा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं महिमा मालवीय, मधु मालवीय, मुस्कान मालवीय, पूजा राजपूत, निशा पुष्पद, किरण राजपूत एवं शिवानी पुष्पद ने अपनी सौंदर्यपूर्ण एवं रचनात्मक रंगोलियों के माध्यम से आकर्षक पैटर्न तैयार किए। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा एवं डॉ. फारूक पठान ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी हेतु प्रेरित किया। निर्णायक मंडल मेंद सोनम करोड़यि, आरती यादव एवं भगवान पाटीदार शामिल रहे। परिणामों में मधु मालवीय ने प्रथम स्थान, महिमा मालवीय एवं शिवानी पुष्पद ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार एवं उपस्थित जनों ने सभी प्रतिभागियों की रचनात्मकता एवं कला कौशल की सराहना की।

# शासन ने जिले के सभी निकायों से मांगी दैनिक वेतन भोगियों की सूची

## साल 2000 में दैनिक वेतन पर कोई नियुक्ति न करने संबंधी जारी हुआ था आदेश बीते 25 सालों में सैकड़ों की संख्या में निकायों में की गई है दैवभो की नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़


प्रदेश सहित जिले के सभी 14 नगरीय निकायों में वर्ष 2000 के बाद से नियुक्त दैनिक वेतन भोगियों की जानकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने निकायों के सीएमओ से तलब की है। दरअसल, 28 मार्च 2000 को वित्त विभाग ने शासन के समस्त विभागों को दैनिक वेतन पर किसी प्रकार की कोई नियुक्ति न करने संबंधी एक आदेश जारी किया था। इसके बावजूद बीते 25 वर्षों के दौरान जिले के अमूमन सभी निकायों में परिषदों से प्रस्ताव पास करवाते हुए दैनिक वेतन भोगियों की नियुक्तियां कर दी गईं। यह उस आदेश का सीधे-सीधे उल्लंघन माना गया है जो 28 मार्च 2000 को वित्त विभाग ने जारी किया था। ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अब सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एक पत्र जारी करते हुए 28 मार्च 2000 के बाद दैवभो के तहत नियुक्त सभी कर्मचारियों की सूची मांगी है।

### 25 अक्टूबर तक अनिवार्यत भेजनी है यह सूची

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सभी निकायों के सीएमओ के नाम जारी पत्र में उल्लेख किया है कि अपने-अपने निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों की जानकारी एक सारणी के रूप में भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए। यह जानकारी में संबंधित दैवभो की नियुक्ति दिनांक, वर्तमान पारिश्रमिक, तत्कालीन नपाधिकारी का नाम, नियुक्ति के संबंध में शासन की अनुमति आदि का स्पष्टतः उल्लेख करना है।

### 14 ही निकायों में हुई हैं सैकड़ों नियुक्तियां

आपको बतादें कि साल 2000 के बाद न केवल राजगढ़, ब्यावरा बल्कि सभी 14 ही निकायों में गठित परिषदों ने अपने-अपने हिसाब से प्रस्ताव पारित करवाते हुए अनेकों दैवभो की नियुक्तियां की हैं। इन दैनिक वेतन भोगियों में कईं तो ऐसे हैं जो अब विनियमित भी हो चुके हैं। ऐसे में नगरीय विकास एवं आवास विभाग उक्त सूचियों के प्राप्त होने के उपरान्त आगामी क्या कार्यवाही करने वाला है, यह आने वाला समय ही बता पाएगा। बहरहाल, उक्त पत्र के जारी होने के बाद दैनिक वेतन भोगियों के माथे पर चिंता की लकीरें अलबत्ता देखी जा रही हैं कि शासन की आगामी मंशा आखिरकार क्या है।



मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

क्रमांक एफ 3768/3833019/2025/18-1 भोपाल, दिनांक 08/10/2025

प्रति,
1. समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम,
2. समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद,
3. समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद,

विषय: दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न करने के संबंध में।
संदर्भ: म.प्र. शासन, वित्त विभाग का परिपत्र क्रमांक 656/527/2000/सी/चार दिनांक 28.03.2000

विषयांतर्गत मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र का अवलोकन करें, जो कि दैनिक वेतन पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न करने के संबंध में है। उक्त परिपत्र की कंडिका 3 में यह स्पष्ट किया गया है, कि "यह आदेश सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, मण्डलों, नगरीय निकायों, विकास प्राधिकरणों तथा सहकारी संस्थाओं पर भी लागू होगा।"

2. मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार जारी किए गए स्पष्ट निर्देशों के उपरांत भी शासन के ध्यान में यह तथ्य आया है, कि कुछ नगरीय निकायों द्वारा दैनिक वेतन पर नियुक्तियां की गई हैं, जो कि राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत दिनांक 28.03.2000 के उपरांत नगरीय निकायों में नियुक्त किए गए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विवरण निम्न प्रारूप में विभाग को दिनांक 25.10.2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें :-

| क्र. | दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी का नाम | नियुक्ति का दिनांक | वर्तमान पारिश्रमिक | तत्कालीन आयुक्त/मुख्य नगरपालिका अधिकारी का नाम | नियुक्ति के संबंध में राज्य शासन की अनुमति | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | | | | | | |

(प्रमोद कुमार शुक्ला)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

### 2000 के बाद की जानकारी मांगी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने जिले के सभी निकायों से वर्ष 2000 के बाद से नियुक्त सभी दैवभो की जानकारी मांगी है। सभी सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपेक्षित जानकारी निर्धारित अवधि तक भेजना सुनिश्चित करें।
**आरएस साहू,** पीओ, डूडा, राजगढ़

# ग्राम नाईहेड़ा में श्रीराम मंदिर से भगवान का मुकुट चोरी




**जीरापुर।** नगर के निकट लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित समीपस्थ ग्राम नाईहेड़ा में श्रीराम मंदिर से दिनदहाड़े भगवान के आभूषण चोरी होने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। भगवान राम का मंदिर गांव के मध्य रहवासी बस्ती में स्थित है।अज्ञात चोरों द्वारा मंदिर में रखे भगवान श्री राम ,लक्ष्मण, माता जानकी के मुकुट लगभग एक किलो चांदी के आभूषण चोरी कर लिए सुत्रो से मिली जानकारी अनुसार मुकुट चोरी की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में एकत्रित हो गई तथा मंदिर पुजारी रामेश्वर हरदेनिया ओर ग्रामीण थाना पहुंचे तथा मुकुट चोरी की जानकारी पुलिस को दी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# पेयजल संकट से बचने की कवायद

## कपिलेश्वर स्टॉप डैम के गेट बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल के निर्देशन में कपिलेश्वर स्टॉप डैम का निरीक्षण किया गया। वर्षा समाप्ति के बाद नदी के घटते जलस्तर को देखते हुए अध्यक्ष पालीवाल ने उपस्थित अधिकारियों को स्टाप डेम के गेट तत्काल बंद करने के निर्देश दिए ताकि आगामी ग्रीष्मकाल में नगर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि नगर के नागरिकों को निरंतर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे को निर्देशित किया कि कपिलेश्वर स्टाप डेम के पूर्ण भर जाने पर कालीसिंध नदी पर काली मस्जिद के पास स्थित पुराने स्टाप डेम को भी बंद किया जाए, जिससे जलस्तर नियंत्रण में रहे और नगर को सतत जल आपूर्ति बनी रहे। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण कार्य समिति सभापति गोपाल पाल, स्वच्छता कार्य समिति सभापति अमित गिरजे, जलप्रदाय कार्य समिति सभापति प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार, राजस्व कार्य समिति सभापति प्रतिनिधि कुलदीप राठौर, निकाय उपयंत्री विक्की ब्राहम्णे, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे, निकाय कर्मचारी गोकुल पुष्पद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत

**जीरापुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार को तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन युवकों की मौत होने से क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के माचलपुर रोड निवासी 35 वर्षीय संदीप कुम्भकार की हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक मृत्यु हो गई। बुधवार शाम करीब 5 बजे हुई इस घटना के बाद उन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के उपरांत गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। संदीप व्यवहार कुशल और मिलनसार युवक के रूप में जाने जाते थे, उनके निधन पर परिचितों ने गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं दूसरी घटना में ग्राम गुराड़ा (गागोरनी) निवासी 28 वर्षीय भैरूलाल पिता नंदा अहिरवार ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना नगर की आवास कॉलोनी नर्मदेश्वर मंदिर रोड पर हुई, जहां दुलीचंद राव के पुत्र राकेश राव को देर रात करीब तीन बजे घर में ही सांप ने काट लिया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, किंतु उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया और अंतिम संस्कार संपन्न हुआ।

# स्वर्णकार समाज ने अपने आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई



**माचलपुर।** नगर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा अपने आराध्य महाराज अजमीढ़ की जयंती मंगलवार अश्वनी शुक्ल पूर्णिमा को उत्साह वा धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सभी नगर वा आसपास ग्रामीण क्षेत्र के समाजजन बस स्टेंड पर स्थित सर्राफ मैरिज गार्डन में अपना व्यापार व्यवसाय बंद कर एकत्रित हुए जहां से एक भव्य शोभा यात्रा बैंडबाजो के साथ प्रारंभ हुई,जिसमे रथ पर महाराज अजमीढ़ की आकर्षक झांकी सजा रखी थी और बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के महिला,पुरुष,युवा वा बच्चे साथ चल रहे थे। शोभायात्रा नगर विभिन्न मार्गों से होकर निकली गई जहां यात्रा मार्ग पर नगर के लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ओर जलपान करवाया। यात्रा नगर से भ्रमण कर पुनः सर्राफ मैरिज गार्डन पहुंची जहां पर सभी समाज बंधुओं द्वारा महाराज अजमीढ़ की विधिविधान से पूजा अर्चना की ओर महाआरती की गई ! इसके उपरांत समाज का सहभोज आयोजित हुआ।

## नपा प्रशासन ने किया प्रातः कालीन सफाई का निरीक्षण

# वार्ड 1 के प्रभारी मैट को उसी वार्ड में बनाया सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना





मार्ग पर यातायात सुगम बना रहे इसके लिए बाजार क्षेत्र में भी भ्रमण कर दुकानदारों को त्योहार के दिनों में दुकानों के आगे अस्थाई रूप से सामग्री न रखने के निर्देश दिए जिससे बाजार में आवागमन सुगम हो सके। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री तथा जिला परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में दो टीमों ने शहर के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर प्रातः कालीन स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान वार्ड क्रमांक एक में उचित सफाई व्यवस्था नहीं पाए जाने तथा जगह-जगह कचरा के ढेर पाए जाने पर वार्ड के प्रभारी मेट बसंत वाल्मीकि को इसी वार्ड में सफाई कर्मचारी बना दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री द्वारा वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 14, 15 एवं 16 के मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा हाट रोड पर खड़े फल सब्जी विक्रेताओं को पुरानी गल्ला मंडी में ही फल सब्जी बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने नपा के अतिक्रमण दल को दोपहर में अतिक्रमण कारवाही कर हाट रोड से सभी फल सब्जी ठेले वालों को हटाने के निर्देश दिए। हाट रोड पर डिवाइडर किनारे तथा सड़क के दोनों और पार्किंग करने वालों को भी हिदायत डी की सड़क किनारे कम से कम वाहनों की पार्किंग करें एवं व्यवस्थित पार्किंग करें जिस मार्ग पर यातायात सुगम बना रहे इसी प्रकार बाजार क्षेत्र में भी भ्रमण कर दुकानदारों को त्योहार के दिनों में दुकानों के आगे अस्थाई रूप से सामग्री न रखने के निर्देश दिए जिससे बाजार में आवागमन सुगम बना रहे।

### चालानी कार्रवाई की गई

नगर पालिका द्वारा सतत रूप से हाट रोड पर थोक फल विक्रेताओं को समझाइश दी जा रही है कि रोड पर थोक फल मंडी न लगायें, किंतु उनके द्वारा नियमित रूप से हाट रोड पर ही थोक व्यापार किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के निर्देश पर हाट रोड पर खड़े फल वालों के चार पहिया वाहनों पर 10,000 रु 5000 रु के जुर्माना किए गए, साथ ही हाथ ठेला वालों पर 1000 रु का स्पॉट फाइन तथा 500 रु गंदगी करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाही की गई। थोक फल विक्रेताओं को पुनः समझाइश दी गई कि हाट रोड पर थोक व्यापार न करें, अन्यथा नियमित रूप से चालानी कार्रवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी, पार्षद दिनेश शर्मा, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार, उपयंत्री नितिन चंदेल आदि उपस्थित रहे।